## !! कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर !!

कमांकःलेखा / नवीनमद / 2नवसृजित न्यायालय / 2023–24 / 31813 दिनांक ........01.2023

### खुली बोली सूचना

अलवर न्याय क्षेत्रान्तर्गत नवसृजित कमशः वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कठूमर एवं सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोविन्दगढ़, अलवर हेतु लगभग 3,60,000 रूपये के स्पेशिफिकेशन अनुसार कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. मशीन की खरीद की जानी है। राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम–2013 के तहत् द्वि–भागीय (तकनीकी एवं वित्तीय) मुहरबन्द शर्त रहित बोली आमंत्रित की जाती हैं। बोली प्रपत्र शुल्क राशि 500/–रू0 जमा कराकर, दिनाँक 9.10.2023 की सांय 5.00 बजे तक इस कार्यालय की लेखाशाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं, तथापि बोली प्रारूप एवं संलग्न अन्य विवरण को **http://sppp.rajasthan.gov.in** से भी प्राप्त किया जा सकता है। बोली प्रपत्र, धरोहर राशि 7200/–रू० के डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं अन्य वांछित दस्तावेजों सहित दिनाँक 10.10.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक इस कार्यालय में जमा कराया जा सकेगा जो कि दिनाँक 10.10.2023 को सांय 4:30 बजे कय समिति द्वारा खोला जावेगा तथा बोली का प्रारूप, शर्तें एवं अन्य विवरण इस कार्यालय की विभागीय वेबसाईट **https://districts.ecourts.gov.in /alwar** पर भी देखे जा सकतें है।

अध्यक्ष, कय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय,अलवर

ALWAR ★ Distt. & Session Judge

कमांकःलेखा / नवीनमद / 2नवसृजित न्यायालय / 2023–24 / 31814-20 दिनांक 29/9/23

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित हैः–

1. श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, अलवर।
2. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कठूमर एवं सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोविन्दगढ़, अलवर
3. सिस्टम ऑफीसर, कम्प्यूटर शाखा–कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि खुली बोली सूचना एवं संलग्न किये गये बोली प्रपत्र व अन्य दस्तावेजों को राजस्थान लोक उपापन पोर्टल एवं विभागीय वेवसाईट पर अविलंब अपलोड करावें।
4. नोटिस बोर्ड–कलैक्ट्रेट / कोषालय / सूचना केन्द्र – अलवर एवं कार्यालय हाजा पर चस्पा हेतु।

29/9/23

अध्यक्ष, कय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय,अलवर

# कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर (राज.)

E-mail Address : dc-alw-rj@nic.in Tel.No. 0144-2337360

## खुली बोली विवरण पत्र

अलवर न्यायक्षेत्र में नवसृजित 02 न्यायालयों क्रमशः वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कठूमर एवं सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोविन्दगढ़, अलवर हेतु कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. क्रय के लिए बोली

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बोली का नाम | कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. |
| 2 | बोली जिसे संबोधित है। | अध्यक्ष, क्रय समिति–जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर। |
| 3 | बोली का सन्दर्भ | लेखा / नवीनमद / 02 नवसृजितन्यायालय / 2023–24 / दिनांक 29.09.2023 31814-20 |
| 4 | बोली की अनुमानित लागत | 360000 / – रू0. (शब्देन रूपये तीन लाख साठ हजार मात्र)। |
| 5 | धरोहर राशि | 7200 / –रू. (शब्देन सात हजार दो सौ मात्र) |
| 6 | बोली दस्तावेज शुल्क | 500 / –रू0 (Not Refundable) |
| 7 | सामग्री आपूर्ति का समय | 20 दिवस (बीस दिवस)। |
| 8 | बोली विक्रय की अंतिम तिथि | दिनाँक 09.10.2023 को सांय 05.00 बजे तक। |
| 9 | बोली प्राप्ति की तिथि | दिनाँक 10.10.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक। |
| 10 | तकनीकी बोली खोलने की तिथि | दिनाँक 10.10.2023 को सांय 4.30 बजे। |

11 बोली उचित रूप से पृथक–पृथक दो मुहरबन्द लिफाफों में यथा–तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली के रूप में तैयार की जाकर, दोनों लिफाफों को तीसरे मुहरबन्द लिफाफे में बन्द कर इस कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करनी होगी। लिफाफों पर पृथक–पृथक स्पष्ट रूप से क्रमशः **कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. हेतु तकनीकी बोली तथा कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. हेतु वित्तीय बोली** लिखा जावेगा तथा इसके पश्चात् दोनों लिफाफों को एक साथ एक अन्य लिफाफे में मुहरबन्द किया जाकर इस तीसरे लिफाफे पर **" कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. हेतु बोली"** लिखा जावे एवं बोली को निर्धारित तिथि एवं समय तक इस कार्यालय की लेखा शाखा मे जमा करना होगा। सशर्त एवं विलंब से प्राप्त बोलीयों पर विचार नहीं किया जावेगा।

12. तकनीकी बोली के मुहरबन्द लिफाफे में परिशिष्ट–"(2)" में अंकित दस्तावेज तथा बोली प्रपत्र के साथ संलग्न सामान्य शर्तों के प्रपत्र एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र हस्ताक्षरित एवं फर्म की मुहर अंकित किये जाकर संलग्न करने हैं।

13 डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अलवर स्थित बैंक में **Payable** होगा, **DISTRICT & SESSIONS JUDGE, ALWAR** के नाम से तैयार कराकर प्रस्तुत करना है।

14 **वित्तीय बोली के मुहरबन्द लिफाफे** में केवल " फोटो स्टेट मशीन के लिए" निविदत्त की गई दरों की **परिशिष्ट–"(9)"** फर्म के लैटर हैड पत्र सहित रखी जानी है।

15 कार्यालय में प्राप्त हुई बोलीयों कों, क्रय समिति द्वारा विशिष्ठ न्यायाधीश अ०जा० / अ०ज०जा० (अ०नि०) प्र० अलवर के अवकाशागार में दिनाँक 10.10.2023 को सांय 4.30 बजे, प्रथमतः तकनीकी बोली को उपस्थित बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोला जावेगा। ऐसी फर्म जिनकी तकनीकी बोली सही पाई जावेंगी, केवल उन्हीं फर्मों की वित्तीय बोली को खोला जावेगा। वित्तीय बोली को तकनीकी बोली खोले जाने के पश्चात् दि. **10.10.2023** को भी खोला जा सकता है। यदि वित्तीय बोली को दि. **10.10.2023** को खोला जाना संभव नहीं हो सका तो, वित्तीय बोली खोलने की तिथि एवं समय की सूचना संबंधित फर्म को उनके मोबाईल नं0 पर दी जावेगी। जो फर्म तकनीकी बोली में असफल पाई जावेंगी उनकी वित्तीय बोली के बारे में कोई विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

16 बोली खोले जाने वाले दिनाँक को अवकाश घोषित होने पर बोली आगामी कार्य दिवस में खोली जावेगी।

17 क्रय समिति द्वारा बोली को पूर्ण / आंशिक रूप से स्वीकार / अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिए किसी भी फर्म की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

हस्ताक्षर बोलीदाता / अधिकृत प्राधिकारी
मय फर्म की मुहर

अध्यक्ष, क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर

(बोलीदाता द्वारा भरा जाना है) परिशिष्ट– "(1)"

## बोली प्रपत्र

**नवसृजित 02 न्यायालयों क्रमशः वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कठूमर एवं सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोविन्दगढ़, अलवर हेतु कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. क्रय के लिए बोली**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बोली का नाम | कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. क्रय हेतु बोली। |
| 2 | बोली जिसे संबोधित है | अध्यक्ष, क्रय समिति–जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर। |
| 3 | बोली का सन्दर्भ | लेखा/नवीनमद/02 नवसृजित न्यायालय/2023–24/......... दिनांक 29/9/23 31814-20 |
| 4 | बोली की अनुमानित लागत | 360000/– रू0. (शब्देन रूपये तीन लाख साठ हजार मात्र) |
| 5 | फर्म का नाम<br>पता<br>टेलीफोन/मोबाईल नं0<br>आवास का पता<br>फैक्स नं0<br>ई–मेल पता | |
| 6 | फर्म की स्थापना का वर्ष | |
| 7 | फर्म का विवरण<br>पब्लिक लि./प्रा.लि./<br>साझेदारी/प्रोपराईटरी है। | |
| 8 | फर्म का पंजीयन क्रमांक<br>(प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें) | |
| 9 | पैन नं0 एवं धारक का नाम<br>(पैन कार्ड की प्रति संलग्न करें) | |
| 10 | बोली शुल्क जमा का विवरण<br>(साक्ष्य संलग्न करें) | 500/–रू० जरिये रसीद सं0..................... दिनाँक..................<br>अथवा<br>500/–रू० डी.डी.सं0................................. दिनाँक.................... |
| 11 | धरोहर राशि जमा का विवरण (मूल डी.डी. संलग्न करें) | 7200/– रू० जरिये डी.डी.सं0.......................दिनाँक................. |
| 12 | फर्म के बैक खाते का विवरण<br>(1) बैक का नाम<br>(2) शाखा का नाम<br>(3) आई.एफ.एस.सी. कोड सं0<br>(4) खाता संख्या | |

13. **कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस.** की दरें पृथक से संलग्न "वित्तीय बोली" (**परिशिष्ट–(9)**) में अंकित की गई हैं।
14. निविदत्त की गई दरें दिनाँक 31.03.2024 तक के लिए विधिमान्य होंगी एवं इस अवधि को पारस्परिक सहमति से एक वर्ष तक बढाया जा सकेगा।
15. हम इस बोली सूचना संख्याः **लेखा/नवीनमद/02 नवसृजित न्यायालय**/2023-24/31814-20 दिनांक 29/9/23 में अंकित विवरण एवं बोली के साथ संलग्न प्रपत्रों में अंकित समस्त निबंधन और शर्तों को स्वीकार करते हैं एवं इसके प्रमाणनस्वरूप हमने बोली के पृष्ठ सं. 01 लगायत 12 तक समस्त पृष्ठों पर फर्म की मुहर अंकित करते हुए हस्ताक्षरित कर, इस बोली के साथ संलग्न किये हैं।

Distt. & Session Judge ALWAR

29/9/23

हस्ताक्षर बोलीदाता/अधिकृत प्राधिकारी
मय फर्म की मुहर

अध्यक्ष, क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर

परिशिष्ट–"(2)"

## तकनीकी बोली के मुहरबन्द लिफाफे में रखे जाने वाले दस्तावेजों का विवरण

| क.सं. | दस्तावेजों का विवरण | संलग्न है अथवा नहीं |
|---|---|---|
| 01 | हस्ताक्षरित मूल बोली प्रपत्र मय पृ.सं. 1 लगायत 19 | |
| 02 | बोली प्रपत्र शुल्क राशि 500/–रू0 जमा कराने के साक्ष्य की प्रति स्वप्रमाणित। | |
| 03 | धरोहर राशि 7200/–रू0 का मूल डिमाण्ड ड्राफ्ट। रुग्ण ईकाई होने की दशा मे अमानत राशि का 50 प्रतिशत देय होगी। जिसके लिए फर्म को रूग्ण ईकाई घोषित होने के प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी स्वप्रमाणित। | |
| 04 | फर्म के जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति। | |
| 05 | माह मार्च–2023 तक के जी.एस.टी. क्लीयरैन्स प्रमाण पत्र की प्रति या 50 रूपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर कर बकाया नही होने का शपथ पत्र(प्रमाणपत्र की प्रति भी दर्शायें स्वप्रमाणित)। | |
| 06 | आयकर पैन कार्ड की स्वयं द्वारा प्रमाणित छाया प्रति। | |
| 07 | परिशिष्ट–"(4)" अनुसार, पावर ऑफ अटॉर्नी के पत्र की मूल प्रति। (यदि बोली प्रकिया में फर्म मालिक के अलावा अन्य कोई प्राधिकारी उपस्थित होता है) | |
| 08 | परिशिष्ट–"(5)" अनुसार, 50/–रू0 के नॉनज्यूडीशियल स्टाम्प पत्र पर– फर्म को "ब्लैकलिस्टेड" नहीं होने का मूल शपथ–पत्र जो कि नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित हो। | |
| 09 | प्रपत्र एस.आर. – 11 की मूल प्रति। | |
| 10 | फर्म का अनुभव प्रमाण–पत्र। पूर्व में प्राप्त हुये आपूर्ति आदेशों की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 11 | फर्म के बैंक खाते का कैन्सल चैक अथवा स्वप्रमाणित विवरण पत्र । | |

हस्ताक्षर बोलीदाता/अधिकृत प्राधिकारी
मय फर्म की मुहर

28/9/..

अध्यक्ष, कय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर

Distt. & Session Judge ALWAR

परिशिष्ट– "(3)"

कम्प्यूटर मय प्रिंटर एवं यूपीएस का विवरण जिसकी खरीद की जानी है

| क्र. सं. | आईटम का नाम | **Specification: Desktop Computer, UPS and Printer** | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| **01** | **Desktop Computer System Details** | (a) Processor Minimum Intel Core i3 with 12th Generation or Higher With 64 Bit System Architecture.<br>(b) Memory (RAM) 8GB, DDR-4 Expandable to 16 GB<br>(c) HDD/Storage SATA Controller HDD 1 TB 7200 RPM or More<br>(d) Operating System UBUNTU- 20.04 Mate and Upgraded<br>(e) Ethernet Integrated Gigabit Ethernet Controller with IPv6 Complaint<br>(f) Other Ports RJ45, VGA,HDMI,Display Port<br>(g) 18.5 inch LED Monitor (Same Mark As PC)<br>(h) USB Standerd Optical Key Board and Mouse (Same Mark As PC)<br>Desktop Computer make and Model is to be mentioned by bidder in technical Specification<br>On site comprehensive support and 2 year warranty with installation | 6 |
| **02** | **Printer (Two types)** | **1. Only Print Printer**<br>Printing Type : Black and White Print Resolution: 2400x600 DPI,<br>Print Speed Black:12 PPM,<br>Paper Size A4, A5,Legal, B5, C5, DL, ISO B5,<br>Printer type: Laser<br>PC Support: Windows 10 (32-bit/64-bit) Ubuntu16.04,Ubuntu 20.04 LTS and Above,<br>**OR** | 6 |
| | | **2. MFP (Print, Copy, Scan, Fax) Printer**<br>Duplex print (driver support provided),<br>Print Speed Maximum, A4: Up to 20ppm black First Page out Black (Ready): As Fast as 9.5 Sec Print resolution Black (Best) Up to 600x600dpi; Black (normal): up to 600x400 dpi, Paper Size A4, A5,Legal,B5,C5,DL,ISO B5.<br>Technology: Contact Image Sensor (CIS) Scan Speed Normal, A4: Up to 7ppm (b&w), Up to 5ppm (colour) Scan resolution Enhanced: Up to 1200 dpi; PC Support<br>Windows 10 (32-bit/ 64-bit), Ubuntu16.04, Ubuntu 20.04 LTS and above<br>**On Site Comprehensive Support and Warranty with installation** | 6 |
| **03** | **UPS** | UPS 600 VA with 2 Year On Site Comprehensive Support and Warranty with installation | 6 |

हस्ताक्षर बोलीदाता/अधिकृत प्राधिकारी
मय फर्म की मुहर

अध्यक्ष, क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर

परिशिष्ट–"(4)"

BIDDER'S AUTHORIZATION CERTIFICATE (To be filled by the Bidder)

To,
The Chairman,
Purchases Committee,
District & Sessions Court, Alwar.

Sir,

If I / We.................................................(Name/Designation) hereby declare/ certify that .............................................. (Name/Designation) is hereby authorized to sign relevant documents on behalf of the company / firm in dealing with BID / NIB No: Actts./NewItmes/**02 New courts estt./2023-24/** 31814-20 **Date** 29/9/23

He / She is also authorized to attend meetings & submit technical & commercial information / clarifications as may be required by you in the course of processing the BID. For the purpose of validation, his / her verified signatures are as under.

Thanking you,
Verified
Signature :

Name of the Bidder :
Authorised Signatory :
Seal of the Organization

29/9/23

Date :

Place :

Distt. & Session Judge ALWAR

**Declatation by the Bidder on Non Judicial Rs. 50/- Stamp Paper (To be filled by the Bidder)**

To,
The Chairman,
Purchases Committee,
District & Sessions Court, Alwar.
Sir,

In response to the Ref. BID/ NIB No: Actts./NewItmes/**02 New courts estt./2023-24/**3814-20 **Date** 29/9/23. Purchases of computer with printer and UPS according to specification for the ACJM Court KATHUMAR AND CJ&JM Court GOVINDGARH as an Owner/Partner/Director/Auth.Sign. Of ........................................................ I /We hereby declare that presently our Company / Firm................................................ at the time of bidding, :-

a) possess the necessary professional, technical, financial and managerial resources and cometence required by the Bidding Document issued by the Procuring Entity;
b) having fufilled my / our obligation to pay such of the taxes payable to the Union and the State Government or any local authority as specified in the Bidding Document;
c) is having unblemished record and is not declared ineligible for corrupt & fraudulent parctices either indefinitely or for a particular period of time by any State / Central Government / PSU / UT;
d) does not have any previous transgressions with any entity in India or any other country during last three years;
e) does not have any debarment by any other procuring entity;
f) is not insolvent in receivership, bankrupt or being wound up, not have its affairs administered by a court or a judicial officer, not have its business activities suspended and is not the subject of legal proceedings for any of the foregoing reasons;
g) does not have, and our directors and officers not have been convicted of any criminal offence related to their professional conduct or the making of false statements or misrepresentations as to their qualifications to enter into a procurementcontract within a period of three years preceding the commencement of the procurement process, or not have been otherwise disqualified pursuant to debartment proceedings;
h) does not have a conflict of interest as mentioned in the bidding document which materially affects the fair competition;
i) will comply with the code of integrity as specified in the bidding document.

If this declaration is found to be incorrect then without prejudice to any other action that may be taken as per the provisions of the applicable Act and Rules thereto prescribed by GoR, my / our security may be forfeited in full and our bid, to the extent accepted, may be cancelled.

Name of the Bidder : Authorised Signatory :

Seal of the Organization

Place :

Date :

29/9/23

Distt. & Session Judge ALWAR

परिशिष्ट–"(6)"

## Certificate of Conformity / No Deviation (To be filled by the Bidder)

To,
The Chairman,
Purchases Committee,
District & Sessions Court, Alwar.

NIB No: Actts./NewItmes/02 **New courts estt./2023-24/**31814-20 **Date** 29/09/23

## CERTIFICATE

This is to certify that, the specifications of computer with printer and UPS Which I /We have mentioned in the Technical bid, and which It We shall supply if I / We am/are awarded with the work, are in conformity with the minimum specifications of the Tender/ bidding document and that there are no deviations of any kind from the requirement specifications.

Also, I / We have thoroughly read the tender/ bidding document and by signing this certificate, We hereby submit our token of acceptance to all the bid terms & Conditions without any deviations.

I / We also certify that the price I / We have quoted is inclusive of all the cost factors involved in the end-to-end implementation and execution of the project, to meet the desired Standards set out in the Tender / bidding Document.

Thanking you,

Name of the Bidder :

Authorised Signatory :

Seal of the Organization

Place :

Date :

Distt. & Session Judge ALWAR

29/9/23

परिशिष्ट–"(7)"

(प्रपत्र–एस.आर. 11)

# –: बोलीदाताओं द्वारा घोषणा :–

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैंने/हमने जिन मालों/ स्टोर्स/ उपकरण के लिए बोली दी है, उनका / उनके / मैं / हम, बोनाफाइड विनिर्माता/ थोक विक्रेता/ सोल वितरक / प्राधिकृत डीलर / डीलर / सोल सैलिंग / विपणन एजेन्ट हूँ / हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाई जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी / हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में जप्त कर लिया जाएगा तथा बोली को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द कर दिया जाएगा। मैं बोली प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त शर्तों की पालना करने हेतु अपनी सहमति/घोषणा करता हूँ।

**बोलीदाता के हस्ताक्षर**
**मय फर्म की मुहर**

परिशिष्ट–"(8)" (अ)

बोली की सामान्य शर्तें

**टिप्पणी :बोलीदाताओं को चाहिए कि वे इन शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ लें और अपनी बोली भेजते समय इन शर्तों की स्वीकारोक्ति में अपनी फर्म की मुहर अंकित कर स्वयं के हस्ताक्षर भी करें।**

1 दरें एफ0ओ0आर0 वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कठूमर एवं सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट गोविन्दगढ़ के लिए होंगीं।

2 बोली उचित रूप से पृथक–पृथक दो मुहरबन्द लिफाफों में यथा–तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली के रूप में तैयार की जाकर, दोनों लिफाफों पर तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली का अकेंन करके दोनों मुहरबन्द लिफाफों को तीसरे लिफाफे में बन्द कर इस कार्यालय में प्रेषित की जावेंगी।

3 फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना को लिखित रूप से अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर को अविलम्ब सूचित किया जावेगा तथा इस परिवर्तन में संविदा/बोली के अधीन किसी भी दायित्व से पूर्ववर्ती फर्म एवं उसके पूर्ववर्ती सदस्यों को मुक्त नहीं किया जावेगा।

4 संविदा के सम्बन्ध में नई फर्म के, तब तक कोई नया/नये भागीदार स्वीकार नहीं किया जाएगा/किये जावेगें जब तक कि वह/वे समस्त निर्बन्धों और शर्तों का पालन करने हेतु सहमत न हों और अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर के समक्ष इस आशय का एक लिखित करार जमा न कर दें। अभिस्वीकृति हेतु सफल बोलीदाता की रसीद को या किसी भागीदार की रसीद को बाद में उपर्युक्तानुसार स्वीकृत किया जावेगा और उससे वे सभी आबद्ध होगें और वह संविदा के किसी प्रयोजन हेतु पर्याप्त उन्मोचन होगा।

5 बोलीदाता बोली प्रपत्र स्याही से या टंकण से भरे जावेगें। पेन्सिल से भरी किसी भी बोली पर विचार नहीं किया जावेगा। बोलीदाता द्वारा दरें, बॉल पैन अथवा टंकण यंत्र से अंकों एवं शब्दों दोनों में अंकित की जावेंगी। दरों में किसी भी प्रकार की त्रुटि या अपरलेखन नहीं किया जावेगा। ऐसा यदि कोई है, तो बोलीदाता को उस पर अपने लघुहस्ताक्षर मय दिनाँक करने होंगें।

6 बोली में दरें, समस्त करों एवं प्रभारो को शामिल करते हुए अंकित की जावें।

7 दरें खोली जाने की दिनाँक से 31/03/24 तक के लिए मान्य होंगी। इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर एक वर्ष तक बढाया जा सकेगा।

8 सफल बोलीदाता के लिए यह समझा जावेगा कि उसके द्वारा किया जाने वाला कार्य एक दक्ष एवं निपुण व्यक्ति के स्तर का होगा। त्रुटि या संदेह की स्थिति में संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व वह अध्यक्ष क्रय समिति, जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर से आवश्यक मार्ग दर्शन प्राप्त कर सकेगा।

9 सफल बोलीदाता अपने कार्य/संविदा को अथवा उसके किसी भाग को किसी अन्य व्यक्ति/फर्म/एजेन्सी को नहीं सौंपेगा या सबलेट नहीं करेगा।

10 सफल बोलीदाता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा युक्तियुक्त समय पर सक्षम प्राधिकारी अथवा उसके प्रतिनिधि को निरीक्षण/परीक्षण के दौरान सेवा/सामग्री/प्रदाय का निरीक्षण कराया जावेगा एवं आवश्यक होने पर उचित निर्देश प्राप्त करेगा।

11 निरीक्षण/परीक्षण के दौरान सेवा/सामग्री/प्रदाय का जो हिस्सा निर्धारित स्तर का नहीं होगा, उसे रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर को होगा।

12 यदि बोली प्रारूप एवं अन्य विवरण राजस्थान लोक उपापन पोर्टल की वेवसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** से प्राप्त किया गया है तो, बोली प्रपत्र शुल्क राशि 500/–रू0 का डिमाण्ड ड्राफ्ट बोली के साथ संलग्न कर, प्रस्तुत करना होगा साथ ही बोली के साथ धरोहर राशि 7200/–रू0 (अक्षरे रूपये सात हजार दो सौ मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट भी प्रस्तुत करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट अलवर स्थित बैंक में **Payable** होगा/होंगें, जो कि **DISTRICT & SESSIONS JUDGE, ALWAR** के नाम से तैयार कराकर जमा कराना होगा/होंगें । इस धरोहर राशि का निम्न परिस्थितियों में समपहरण किया जा सकेगा :–

हस्ताक्षर बोलीदाता/अधिकृत प्राधिकारी
मय फर्म की मुहर

अध्यक्ष, क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय,
अलवर

Distt. & Session Judge ALWAR

(i)जब बोली दाता, बोली खोले जाने के पश्चात्, किन्तु बोली की स्वीकृति से पूर्व बोली वापिस लेता है या प्रस्ताव को उपान्तरित कर देता है।

(ii)जब बोली दाता निर्दिष्ट समय के भीतर विहित करार यदि कोई हो, सम्पादित नहीं करता।

(iii)जब प्रदाय आदेश दिये जाने पश्चात्, बोलीदाता कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा नहीं करता।

(iv)जब वह विहित समय के भीतर प्रदाय आदेश के अनुसार मदों को प्रदाय प्रारम्भ करने में विफल रहता है।

13 अध्यक्ष, क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर को किसी भी बोली को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की बोली नहीं है, स्वीकार करने का अथवा बिना कोई कारण बताये, किसी भी बोली को/उसके किसी भाग को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

14 सफल बोलीदाता को निर्धारित अवधि में, बोली सूचना की अनुमानित राशि का 5 प्रतिशत अर्थात् 18000/–रू0 , कार्य सम्पादन प्रतिभूति, डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अलवर स्थित बैंक में **Payable** होगा, के माध्यम से दरें स्वीकृत करने के दस दिवस में आवश्यक रूप से जमा करानी होगी, जिसमें बिड प्रतिभूति के रूप में जमा कराई गई राशि का समायोजन किया जा सकेगा। जमा राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट **DISTRICT & SESSIONS JUDGE, ALWAR** के नाम से तैयार कराना होगा। सफल बोलीदाता को RTPP नियम 2013 के नियम 75 के अनुसार कार्य सम्पादन प्रतिभूति कुल 5 प्रतिशत देनी होगी जिसका का प्रदाय वारन्टी अवधि समाप्ति के बाद देय होगा। इस प्रतिभूति राशि का निम्नलिखित प्रकरणों में पूर्णतः या अंशतः निम्नानुसार समपहरण किया जा सकेगा :–

(i) जब संविदा के किसी निर्बन्ध या शर्तों को भंग किया जाता है।

(ii) जब बोलीदाता संतोषप्रदरूप से पूर्ण प्रदाय करने में विफल रहता है।

(iii) इस संबंध में अध्यक्ष, क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर का निर्णय अंतिम होगा।

15 सफल बोलीदाता को प्रारूप एस.आर.–17 के अनुसार एक करार राशि 500/–रू0 के नॉन–ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर, **दरें स्वीकृत करने के बीस दिवस में आवश्यक रूप से कराना होगा**।

16 सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम खण्ड–प्रथम के भाग द्वितीय के नियम–68 में अभिकथित प्रारूप एस.आर. –16 में वर्णित शर्तें एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम–2013, इस संविदा/बोली का भाग समझे जावेंगें, जो बोलीदाता पर सामान्य रूप से प्रभावी होंगें।

17 बोली प्रारूप में सुपुर्दगी हेतु निर्दिष्ट समय को संविदा का मूल तत्व समझा जाएगा और सफल बोलीदाता, अध्यक्ष, क्रय समिति–जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर से आदेश की प्राप्ति पर, निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रदाय की व्यवस्था करेगा।

(i) निर्धारित नुकसान सहित परिदान कालावधि की वृद्धि के मामले में उस सामग्री/सेवा जिसका प्रदाय करने में बोली दाता विफल रहता है, के मूल्य की निम्नलिखित प्रतिशतता के आधार पर वसूली की जा सकती है, यदि अवधि विहित कालावधि की:–

| | |
|---|---|
| (क) एक चौथाई कालावधि तक के लिए – | 2.50 प्रतिशत। |
| (ख) एक चौथाई से अधिक किन्तु आधी से अनधिक कालावधि के लिए– | 5.00 प्रतिशत। |
| (ग) आधे से अधिक किन्तु तीन चौथाई तक की कालावधि के लिए– | 7.50 प्रतिशत। |
| (घ) तीन चौथाई से अधिक की कालावधि के विलम्ब के लिए– | 10.0 प्रतिशत। |

(ii) प्रदाय में विलंब की गणना करते समय दिन के भाग की अवहेलना कर दी जावेगी यदि वह आधे दिवस से कम है। निर्धारित नुकसान की अधिकतम राशि 10.0 प्रतिशत होगी।

(iii) यदि प्रदायकर्ता किन्हीं बाधाओं के कारण संविदान्तर्गत माल का प्रदाय पूरा करने के लिए समय में वृद्धि कराना चाहता है–तो वह लिखित में उस प्राधिकारी को आवेदन करेगा जिसने प्रदायगी हेतु आदेश दिया है। किन्तु वह उसके लिए निवेदन, बाधा के घटित होने पर तुरन्त उसी समय करेगा न कि प्रदाय पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के बाद।

(iv) यदि माल/सेवा के प्रदाय में विलंब, बोलीदाता के नियंत्रण से परे बाधाओं के कारण हो तो परिदान कालावधि को निर्धारित नुकसान सहित या उसके बिना, बढाया जा सकेगा।

Distt. & Session Judge ALWAR

**हस्ताक्षर बोलीदाता/अधिकृत प्राधिकारी**
**मय फर्म की मुहर**

**अध्यक्ष, क्रय समिति**
**जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर**



28/9/-

18 यदि बोली सूचना में दर्शित मात्रा से अधिक के आदेश दिये जाते हैं, तो बोलीदाता अपेक्षित प्रदाय करने के लिए बाध्य होगा। अतिरिक्त मात्रा के लिए पुनरादेश (रिपीट ऑर्डर) बोली में दी गई शर्तों एवं दरों पर दिये जा सकेंगें जो मूल संविदा के माल या सेवाओं के मूल्य का 50 प्रतिशत तक होगा। प्रदाय या पूर्ण होने की कालावधि भी आनुपातिक रूप से बढाई जावेगी।

19 यदि अध्यक्ष, क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर या सक्षम प्राधिकारी निविदत्त सामग्री में से किसी भी सामग्री के प्रदाय का आदेश नहीं करता या बोली प्रारूप में वर्णित मात्रा से कम आदेशित करता है, तो बोलीदाता मुआवजे हेतु किसी दावे का हकदार नहीं होगा।

20 बोलीदाता को बोली खोलने के समय स्वयं उपस्थित रहना होगा तथा यदि आवश्यक हुआ तो उसी दिवस या अन्य किसी दिवस को जैसा अध्यक्ष, क्रय समिति उचित समझे, नेगोशिएसन करना होगा/नेगोशिएसन की दरें प्रस्तुत करनी होंगीं।

21 बोलीदाता इस संबंध में गारण्टी देगा कि क्रय किये जाने वाली अथवा प्रदाय किये गये माल/भण्डार/वस्तुओं के परिदान की तारीख से 3 वर्ष की कालावधि हेतु माल/भण्डार/वस्तुओं विनिर्दिष्ट किये गये विवरण और क्वालिटी के अनुरूप बनी रहेंगी और इस तथ्य के होते हुए भी कि अध्यक्ष, क्रय समिति अथवा सक्षम अधिकारी ने उक्त माल/भण्डार/वस्तुओं का निरीक्षण/अथवा अनुमोदन कर लिया है–यदि उपर्युक्त 3 वर्ष की कालावधि के उक्त माल/भण्डार/वस्तुओं के संबंध में यह पाया जावे कि उपर्युक्त विवरण और क्वालिटी के अनुरूप नहीं है या ऐसी अवधारित की गई है (और इस सम्बन्ध में अध्यक्ष, क्रय समिति का निर्णय अन्तिम और निर्णायक होगा।) तो अध्यक्ष, क्रय समिति अथवा सक्षम प्राधिकारी उस माल/भण्डार/वस्तुओं को या उसके ऐसे किसी भाग को उक्त विवरण और क्वालिटी के अनुरूप नहीं पाया जावें, अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। ऐसी अस्वीकृती पर माल विक्रेता की जोखिम पर होगा और माल की अस्वीकृति आदि से सम्बन्धित समस्त उपबन्ध लागू होगें। बोलीदाता यदि उससे ऐसा करने को कहा जाए तो माल आदि को या उसके ऐसे किसी भाग का जिसे क्रय समिति या सक्षम अधिकारी द्वारा अस्वीकृत कर दिया है–प्रतिस्थापित करेगा अन्यथा बोलीदाता ऐसे नुकसान को संदाय करेगा जो इससे समाविष्ट शर्त के भंग करने के कारण उत्पन्न हो। इस संविदा के अधीन या अन्यथा रूप से अध्यक्ष, क्रय समिति अथवा सक्षम अधिकारी के किसी अन्य अधिकार पर इसमें समाविष्ट कोई बात प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगी।

22 यदि बोलीदाता ऐसी शर्त आरोपित करता है जो इसमें वर्णित शर्तों के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है तो ऐसी बोली को निरस्त कर दिया जावेगा।

23 सफल बोलीदाता फर्म को सामग्री की आपूर्ति करने से पूर्व, सामग्री का सैम्पल क्रय समिति से अपने स्वयं के खर्चे पर अनुमोदित कराना होगा। यदि परीक्षण परिणामों से ऐसा ज्ञात होता है कि प्रदाय किया गया सामान विहित स्तरों या विनिर्देशों के अनुरूप नहीं है, तो बोलीदाता ऐसे प्रदाय किये गये सामान को स्वयं के खर्चे पर परिवर्तित करने के लिये बाध्य होगा।

24 सफल बोलीदाता द्वारा कार्यादेश प्राप्त करने की दिनाँक से **20 दिवस की अवधि** में सामग्री की सुपुर्दगी देनी होगी। यदि सफल बोलीदाता फर्म निर्धारित अवधि में माल सप्लाई करने में असफल रहती है तो क्रय अधिकारी को पुनः बोली आमंत्रित करने/अन्यत्र से सप्लाई लेने की व्यवस्था करने की स्वतंत्रता होगी। यदि पुनः सामान क्रय करने में अधिक भुगतान करना पडा तो अन्तर राशि फर्म की अमानत राशि से काटी जावेगी तथा अन्य विधिक कार्यवाही जो की जा सकती है, किये जाने के लिये अध्यक्ष, क्रय समिति स्वतंत्र होगा।

25 जब तक पक्षकारों के मध्य अन्यथा सहमति न हो जाये, सामान की सुपुर्दगी के लिए भुगतान बोलीदाता द्वारा क्रेता अधिकारी को उचित प्रारूप में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर किया जावेगा तथा सभी प्रेषण प्रभार बोलीदाता द्वारा वहन किया जावेगा।

26 समस्त विधिक कार्यवाही यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो, तो किसी भी पक्षकार द्वारा अलवर जिला मुख्यालय पर स्थित सक्षम न्यायालय में ही प्रवृत्त की जावेगी।

27 निविदित सामग्री को कम या अधिक करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष क्रय समिति, जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर को होगा।

28 बोलीदाता द्वारा उन सामग्रियों के सम्बन्ध में जिनके सम्मुख बोली प्रपत्र में विशिष्टी के कॉलम में कोई मेक/विशिष्टियॉ अंकित नही है, ऐसी स्थिति में स्वयं के मेक अथवा विशिष्टियॉ कोई हो तो दर के साथ अंकित की जावेगी।

हस्ताक्षर बोलीदाता/अधिकृत प्राधिकारी
मय फर्म की मुहर

अध्यक्ष, क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर

परिशिष्ट– "(9)"

(बोलीदाता अपनी फर्म के लैटरहैड पत्र के साथ पृथक से मुहरबन्द "वित्तीय बोली" के लिफाफे में रखें)

(NIB No: Actts./NewItmes/**02New courts estt./2023-24/**3181420 **Date** ..29.|.9.|.23

कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. क्रय हेतु "वित्तीय बोली" का प्रपत्र

(कम्प्यूटर मय प्रिन्टर एवं यू.पी.एस. की विशिष्टियाँ परिशिष्ट–"(3)" में अंकितानुसार)

| क्र. सं. | आईटम का नाम | **Specification: Desktop Computer, UPS and Printer** | अनुमानित मात्रा | प्रति नग निविदत्त की गई दरें (रूपये में) (सभी करों एवं प्रभारों को शामिल करते हुये) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दर अंकों में | दर शब्दों में |
| 01 | **Desktop Computer System Details** | (a) Processor Minimum Intel Core i3 with 12th Generation or Higher With 64 Bit System Architecture.<br>(b) Memory (RAM) 8GB, DDR-4 Expandable to 16 GB<br>(c) HDD/Storage SATA Controller HDD 1 TB 7200 RPM or More<br>(d) Operating System UBUNTU- 20.04 Mate and Upgraded<br>(e) Ethernet Integrated Gigabit Ethernet Controller with IPv6 Complaint<br>(f) Other Ports RJ45, VGA,HDMI,Display Port<br>(g) 18.5 inch LED Monitor (Same Mark As PC)<br>(h) USB Standerd Optical Key Board and Mouse (Same Mark As PC)<br>Desktop Computer make and Model is to be mentioned by bidder in technical Specification<br>On site comprehensive support and 2 year warranty with installation | 6 | | |
| 02 | **Printer (Two types)** | **1. Only Print Printer**<br>Printing Type : Black and White Print Resolution: 2400x600 DPI,<br>Print Speed Black:12 PPM,<br>Paper Size A4, A5,Legal, B5, C5, DL, ISO B5,<br>Printer type: Laser<br>PC Support: Windows 10 (32-bit/64-bit) Ubuntu16.04,Ubuntu 20.04 LTS and Above,<br>**OR** | **6** | | |
| | | **2. MFP (Print, Copy, Scan, Fax) Printer**<br>Duplex print (driver support provided),<br>Print Speed Maximum, A4: Up to 20ppm black<br>First Page out Black (Ready): As Fast as 9.5 Sec<br>Print resolution Black (Best) Up to 600x600dpi; Black (normal): up to 600x400 dpi, Paper Size A4, A5,Legal,B5,C5,DL,ISO B5.<br>Technology: Contact Image Sensor (CIS) Scan Speed Normal, A4: Up to 7ppm (b&w), Up to 5ppm (colour) Scan resolution Enhanced: Up to 1200 dpi; PC Support<br>Windows 10 (32-bit/ 64-bit), Ubuntu16.04, Ubuntu 20.04 LTS and above<br>**On Site Comprehensive Support and Warranty with installation** | **6** | | |
| 03 | **UPS** | UPS 600 VA with 2 Year On Site Comprehensive Support and Warranty with installation | **6** | | |

Distt. & Session Judge ALWAR

29/9

हस्ताक्षर बोलीदाता/अधिकृत प्राधिकारी
मय फर्म की मुहर

अध्यक्ष, क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर